दिन–सोमवार दिनांक– 08 / 04 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। संपादक–अजय कुमार
अवधिः– 05 मिनट टंकक– गोपाल कुमार

लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान को लेकर प्रचार अभियान और तेज हो गया है। विभिन्न दलों की ओर से अपने प्रत्याशियों के समर्थन में लगातार चुनावी रैलियों का आयोजन किया जा रहा है। राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव अब से थोड़ी देर बाद गया संसदीय क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशी कुमार सर्वजीत के पक्ष में एक चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। विकासशील इंसान पार्टी के अध्यक्ष मुकेश सहनी भी श्री यादव के साथ मंच साझा करेंगे।

——————————————————————

इधर, भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह कल औरंगाबाद में पार्टी प्रत्याशी सुशील कुमार सिंह के समर्थन में एक चुनावी सभा को सम्बोधित करेंगे। चुनाव घोषणा के बाद श्री शाह का यह बिहार का पहला दौरा होगा।

——————————————————————

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए नाम वापसी का आज अंतिम दिन है। इस चरण के तहत पांच लोकसभा क्षेत्रों कटिहार, पूर्णियां, भागलपुर, बांका और किशनगंज के लिए पचपन प्रत्याशियों के पर्चे वैध पाये गये हैं। वहीं, इकतीस नामांकन पत्र रद्द कर दिये गये हैं। नाम वापसी के बाद जो उम्मीदवार चुनाव मैदान में रह जायेंगे, उन्हें निर्वाचन आयोग आज ही चुनाव चिह्न भी आवंटित करेगा। इन सीटों के लिए छब्बीस अप्रैल को मतदान होगा। वहीं, तीसरे चरण के चुनाव के लिए अधिसूचना बारह अप्रैल को जारी होगी। इस चरण में झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगड़िया निर्वाचन क्षेत्रों में सात मई को चुनाव होने हैं।

——————————————————————

जदयू के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि उनके कार्यकाल के दौरान बिहार में विकास ने नई ऊंचाईयों को छुआ है। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री कुमार ने कहा कि वे खुद अपने कामों का प्रचार प्रसार नहीं करते हैं। राज्य की जनता उनके कामों का प्रचार करती है। उन्होंने कहा कि बिहार में उनकी सरकार आने के बाद सभी तरफ शांति है। इस बीच, राजद के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद मनोज झा ने कहा है कि यदि पन्द्रह वर्ष पूर्व लालू प्रसाद नहीं होते तो नीतीश कुमार मुख्यमंत्री नहीं बनते। उन्होंने कहा कि अबकी बार चार सौ पार का नारा एनडीए का एक जुमला है।

कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी पर देश को धार्मिक आधार पर बांटने का आरोप लगाया है। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने आज नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि भाजपा चुनाव के समय अपने 10 वर्ष के शासन की रिपोर्ट कार्ड पेश करने के बदले, विभिन्न समुदायों के बीच दरार डाल रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता नरेन्द्र मोदी के उस बयान की आलोचना की जिसमें उन्होंने कांग्रेस के चुनावी घोषणा पत्र पर मुस्लिम लीग की छाप होने का आरोप लगाया था। इस बीच, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी कहा है कि यह स्पष्ट नहीं है कि यह कांग्रेस का घोषणा पत्र है या मुस्लिम लीग का।

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद—एनसीईआरटी ने अपनी शैक्षणिक सामग्री के कॉपीराइट उल्लंघन मामले में चेतावनी जारी की है। चेतावनी में कहा गया है कि यदि कोई भी व्यक्ति या संस्था कॉपीराइट अनुमति के बिना एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तकों की सामग्री का व्यावसायिक उपयोग के लिए प्रकाशन करती है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एनसीईआरटी ने लोगों से ऐसी पाठ्यपुस्तकों या कार्यपुस्तिकाओं का उपयोग नहीं करने का आग्रह किया है और कहा है कि उनमें दी गई सामग्री तथ्यात्मक रूप से गलत हो सकती है।

मौसम विभाग अगले चौबीस घंटों के दौरान सुपौल, अररिया, किशनगंज, मधेपुरा, सहरसा, पूर्णियां, कटिहार, भागलपुर, बांका, जमुई, मुंगेर और खगड़िया जिले में एक दो स्थानों पर हल्की बारिश की संभावना जताई है। इस दौरान इन जिलों में तीस से चालीस

किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा भी चल सकती है। वहीं, राज्य के शेष हिस्सों में मौसम शुष्क बना रहेगा। विभाग ने कहा है कि अगले चौबीस घंटों में अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस गिरावट की संभावना है। उसके बाद चार दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हो सकती है। इधर, पिछले चौबीस घंटो के दौरान चालीस दशमलव एक डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ बक्सर राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

———————————————————————

बिहार एसटीएफ और बेगूसराय पुलिस की टीम ने संयुक्त कार्रवाई में दिल्ली से कुख्यात अपराधी नागमणि महतो को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसपर तीन लाख रूपये का ईनाम घोषित कर रखा था।

———————————————————————

अररिया जिले के फारबिसगंज थाना क्षेत्र से पुलिस ने बावन हजार पाँच सौ प्रतिबंधित लॉटरी के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। वहीं, जिले के अलग–अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने अभियान चलाकर सत्ताईस अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से भारी मात्रा में शराब भी बरामद की गई है।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।